# जिला कांग्रेस के नेता पीड़ित युवक से मिले



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** कांग्रेस नेताओं ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजुर्द्धपुरा पर कुछ दबंगों द्वारा एक दलित व्यक्ति के साथ मारपीट करने और उसे पेशाब पिलाने की घटना की घोर निंदा की।

घटना की वस्तुस्थिति जानने के लिए भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया एवं ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल भिंड के जिला चिकित्सालय में पहुंचकर पीड़ित नवयुवक ज्ञान सिंह जाटव पुत्र विजय सिंह जाटव से मिलकर विस्तृत जानकारी ली।पीड़ित युवक से मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी वीडियो कॉल पर बातचीत कर घटना की जानकारी ली और पीड़ित को पूरा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। विधायक श्री बरैया ने कहा कि अटेर विधानसभा क्षेत्र के सुरपुरा थाना ग्राम अजुर्द्धपुरा में दलित समुदाय से आने वाले ज्ञान सिंह जाटव पुत्र विजय सिंह जाटव सुरपुरा थाना अंतर्गत ग्राम अजुर्द्धपुरा के लड़के के साथ घोर दरिन्दगी की घटना की गई है,जहां कुछ दबंग लोगों ने पीड़ित को ग्वालियर से साँकर से बांधकर अपनी बुलेरो में डालकर भिण्ड जिला थाना ग्राम अधुर्जपुरा के पास आकर नंगा कर बेरहमी से मारपीट की गई,बल्कि पूरे रास्ते भर पीटते आये और हद तो तब हो गयी जब तीन बार उसको पेशाब पिलाई और उसके ऊपर पेशाब करने की घटना भी बताई जा रही है,जो कि बहुत ही अमानवीय और निंदनीय घटना है।

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित युवक से वीडियो कॉल पर बातचीत की**

श्री बरैया ने कहा कि ऐसी अमानवीय कृत्य की यह कोई पहली घटना नहीं भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे भारत बर्ष में महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और कमजोर लोगों के साथ आये दिन ऐसी अमानवीय कृत्य वाली घटनाएं सुनने और देखने को मिलती रहती हैं।

श्री बरैया ने कहा कि ऐसी लगातार हो रही घटनाओं से स्पष्ट हो गया है,कि भाजपा के लोग घबड़ाए हुए हैं और वह एक योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार के कृत्यों को करवा रहे हैं और होने दे रहे हैं,क्योंकि वह नहीं चाहते कि सभी समाज के लोग शिक्षित हो क्योंकि भाजपाईयो को डर है,कि अगर सभी लोग शिक्षित हो गए तो भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी अमानवीय कृत्यों वाली घटनाओं को अंजाम देने और इसमें सम्लित अपराधियों को भाजपा सरकार बचाने का काम करती है। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा कि ऐसी अमानवीय कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये ताकि प्रदेश भर में ऐसी अमानवीय व्यवहार वाली घटनाएं दोबारा कही और घटित न हो।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि अमानवीय कृत्य की घटना का समूची कांग्रेस पार्टी निंदा करती है और ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करती है। डेलिगेशन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्रीराम बघेल,पूर्व प्रत्याशी मेहंगाव राहुल सिंह भदौरिया,जिला उपाध्यक्ष महेश जाटव,मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता रामरतन सिंह यादव दाऊ, अरविंद यादव, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, केदार कौशल, राहुल सिंह कुशवाह, रामस्वरूप गोयल, देवेंद्र निगम, विजय सिंह कुशवाह, महेश्वरी जाटव, सुल्तान सिंह नरवरिया, राजू जाटव, लज्जाराम कुशवाह, बल्लू जाटव, नईम पठानभूरे बघेल पत्रकार, रामपाल सिंह भदौरिया करू, रामवीर सिंह यादव, राकेश जाटव, मातादीन जाटव, महाराज सिंह, प्रमोद बघेल रोहित अर्गल, महावीर जाटव आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ की गोवर्धन पूजा



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व पूरे जिले में आस्था एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर के मोहल्लों और कालोनियों में लोगों ने अपने-अपने घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाई, उसे फूल-मालाओं से सजाया और भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप का विधिवत पूजन-अर्चन कर अन्नकूट प्रसाद अर्पित किया।

**घरों में हुआ भगवान श्रीकृष्ण एवं गाय माता का पूजन, समृद्धि और वर्षा की मंगलकामना**

**परंपरा के अनुसार हुआ पूजन :** लोगों ने गोवर्धन पूजा में गाय माता की परिक्रमा लगाकर गौ सेवा का संकल्प लिया। महिलाएं सुहाग श्रृंगार कर सामूहिक रूप से पूजा में शामिल हुई और आरती गाकर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और वर्षा की कामना की।

**गोशालाओं में भी विशेष आयोजन :** कई गौशालाओं में पूजा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने गौमाता को तिलक लगाकर गुड़, चारा और हरा चारा खिलाया। गोवर्धन पूजा को प्रकृति और पशुधन के संरक्षण का प्रतीक मानते हुए लोगों ने अन्नकूट महोत्सव मनाया।

**अन्नकूट प्रसाद का वितरण :** घरों और मंदिरों में अन्नकूट बनाकर भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया गया। पूजा के बाद प्रसाद को लोगों में वितरित किया गया। बच्चों एवं बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**आस्था के पर्व ने बढ़ाई सामाजिक सद्भावना**

गोवर्धन पूजा के माध्यम से लोगों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और पशुधन संरक्षण हमारी संस्कृति की आत्मा है। गौपूजा एवं अन्नकूट पर्व ने परिवार और समाज में एकता, सेवा और दान की भावना को प्रबल किया। समस्तीकरण में लोगों ने कहा कि गोवर्धन पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार प्रकृति और जनकल्याण हेतु गोवर्धन पर्वत को धारण किया था, उसी प्रकार हमें भी गौ, अन्न और प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए।

# निराश्रित गौ उपचार केंद्र में गौ सेवकों ने की गौ पूजा



**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 22 अक्टूबर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित निराश्रित को उपचार केंद्र में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की टीम ने विधि विधान से गौ पूजा की, टीम द्वारा सभी गायों को तिलक लगाया और माला पहनाकर गुड़ के लड्डू खिलाकर सुख समृद्धि की व जगत कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक रजक ने कहा कि गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, क्योंकि गौ माता में समस्त देवताओं का वास होता है। उनकी सेवा से न केवल पुण्य मिलता है, बल्कि आत्मा भी शांत होती है।

गौ संरक्षण, हमारी संस्कृति और संस्कार दोनों की रक्षा करता है। आइए, मिलकर इस पुण्य कार्य को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर बरिष्ठ पत्रकार वंसल जी गौ सेवक कन्हैया भदौरिया,गौ रक्षक छोटू गुर्जर,रितिक भदौरिया, धर्मेंद्र क्षेत्र के कई गौ सेवक मौजूद रहे।

# बंदियों को दी जाएगी विशेष प्रत्यक्ष मुलाकात की अनुमति

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के उपरांत भाईदूज के पावन अवसर पर सब जेल गोहद में एक भावनात्मक और मानवीय पहल करते हुए बंदियों के लिए प्रत्यक्ष मुलाकात की विशेष व्यवस्था की गई है। यह मुलाकात गुरुवार सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें बंदियों की माताएं एवं बहनें जेल परिसर में आकर अपने परिजनों को तिलक-धार्टीका कर सकेंगी।

**बंदियों की माताएं और बहनें कर सकेंगी तिलक, जेल प्रशासन ने की विशेष व्यवस्था**




**जेल प्रशासन की मानवीय पहल :** इस विशेष अवसर के बारे में जानकारी देते हुए सहायक जेल अधीक्षक हेमसरिता मिंज ने बताया कि भाईदूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह एवं पारिवारिक भावनाओं का प्रतीक है। इस पर्व को बंदियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष पहल की गई है। उन्होंने कहा कि बंदियों को अपने परिजनों से मिलने का अवसर मिलने पर उनमें सकारात्मकता और भावनात्मक स्थिरता आती है। यह पहल उनके सुधार और पुनर्वास की दिशा में एक सार्थक कदम है।

**सुरक्षा एवं सुविधा के कड़े इंतजाम :** जेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस दिन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं बंदी परिजनों को वैध पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जेल परिसर में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। बंदियों और परिजनों के लिए पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुलाकात के दौरान सभी परिजनों से जेल नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

**भावनात्मक पल बनेगा यादगार**

जेल प्रशासन का कहना है कि इस तरह की पहल न केवल बंदियों के मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि समाज में यह संदेश भी देती है कि सुधार की राह हमेशा खुली रहती है। भाईदूज का यह आयोजन बंदियों को अपने परिवार के साथ जोड़ने और उनके जीवन में नई आशा का संचार करने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर सब जेल गोहद का पूरा प्रशासनिक स्टाफ, सुरक्षा दल, और बंदियों के परिजन उपस्थित रहेंगे। जेल प्रशासन ने समस्त बंदी परिजनों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समयानुसार उपस्थित होकर पर्व को शांति, अनुशासन और पारिवारिक भावनाओं के साथ मनाएं।

# चम्बल प्रदेश गठन से ही होगा चम्बलांचल का विकास

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग के संयोजक नरसिंह कुमार चौबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि चम्बल नदी का उदय मालवा मध्यप्रदेश में हुआ है। मालवा से चली चम्बल नदी राजस्थान और मध्यप्रदेश की सीमा पर बांधों का निर्माण होने से किसानों की समस्याओं का निदान हुआ और किसान खुशहाल हुआ और चम्बल अंचल में आकर चम्बल नदी का अस्त हुआ। यहां पर चम्बल नदी का पानी ऐसा है कि किसान वर्षा के पानी पर निर्भर रहता है जबकि अंचल में पांच-पांच नदियों का जल संगम है। क्वारी, चम्बल, यमुना, सिन्ध और पहुज जलसंगम पर पंचनदा बाँध की परियोजना 25 अक्टूबर 1983 में बनाई गई थीं। केन्द्र सरकार से योजना के लिए लाखों-अरबों रुपये का बजट आता रहा है, लेकिन पचनदा बाँध परियोजना पर काम आज दिनांक तक शुरू नहीं हो पाया है।

**चम्बल कलश रथ यात्रा ग्राम मिहोनी पहुंची**

चौबे ने कहा अगर पचनदा बांध का निर्माण हो जाता तो चम्बल अंचल में भूमि कटाव कम होगा, जमीन का वाटर लेवल कम नहीं होता। सिंचाई, बिजली समस्या का समाधान होता, चम्बल अंचल में नदियों का पानी ऐसा है कि किसान वर्षा पर निर्भर रहता है और किसान कर्ज में डूबा रहता है। किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। चौबे ने कहा चम्बलांचल में वैभव अपार है, लेकिन कोई विकास नहीं है। चम्बल नदी के किनारे पर कोई पक्का घाट नहीं है। चम्बल नदी मध्यप्रदेश के भिण्ड व उत्तरप्रदेश के इटावा जिले की सीमा में स्थित है। चम्बलांचल की समस्या और निदान के मुख्य बिन्दुओं को लेकर राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी द्वारा 27 दिसम्बर 1999 से पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग की गई है। उत्तरप्रदेश से- आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी और ललितपुर। मध्यप्रदेश से- गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर और भिण्ड। राजस्थान से- धौलपुर, करौली, सवाई माधौपुर, कोटा, बारा, झालाबाड़ जिले शामिल किये गये हैं।



चौबे ने बताया पृथक चम्बल प्रदेश गठन होने तक प्रस्तावित 22 जिलों में चम्बल कलश रथयात्रा जारी रहेगी। चौबे ने बताया कि पृथक प्रदेश गठन की मांग को लेकर देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, सभापति राज्यसभा, लोकसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के पृथक प्रदेश गठन का नक्शा सहित 27 दिसम्बर 1999 को आवश्यक कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया गया है और उप्र, मप्र और राजस्थान तीनों प्रदेशों को अवगत करा दिया गया हैं। यह विचार राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरसिंह कुमार चौबे ने चंबल की वादियों में ग्राम मिहोनी में चंबल कलश रथयात्रा पहुंचने पर जनसमुदाय और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा है कि चंबल कलश रथयात्रा सुख-शांति का संदेश घर-घर देने जा रही है। आप सब भाई-बहिनों सुख-शांति और विकास के लिए चंबल कलश का पूजन करें और आशीर्वाद लें।

आप सब लोग पशु-पक्षियों को सुबह भोजन कराएं, गाय को रोटी खिलाएं, सुख-शांति के लिए प्रत्येक शनिवार को अपने घर के दरवाजे पर दो सरसों के तेल के दीपक जलाएं। चंबल की वादियों के विकास के लिए तन-मन-धन से सहयोग करें।

# लहार थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना, डायल-112 की तत्परता से बची दो जिंदगियां

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** हार थाना अंतर्गत ग्राम छिवाउली मोड़ पर आज एक सड़क दुर्घटना में वेटू वाजपेयी एवं मीना बाजपेयी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही लहार थाना पुलिस की डायल-112 टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया। डायल-112 के स्टाफ अक्षय दीक्षित, आरक्षक विशाल मिश्रा एवं चालक चंद्रपाल कुशवाहा ने बिना समय गंवाए घायलों को तत्काल लहार अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।



**जनचर्चा में डायल-112 की संवेदनशील भूमिका :** स्थानीय नागरिकों ने डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल ले जाने से उनकी जान बच पाई। पुलिस की यह संवेदनशीलता और जनसेवा का भाव क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लहार पुलिस की यह कार्यशैली पुलिस-जन सहयोग की मिसाल प्रस्तुत करती है।

# अजा संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन 443वें दिन भी जारी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** अनुसूचित जाति संघर्ष समिति, लहार द्वारा शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 2711 एवं 2715 का सीमांकन होने के बावजूद अतिक्रमणकारियों से भूमि मुक्त न कराए जाने के विरोध में शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना 443वें दिन भी जारी रहा। यह धरना 05 अगस्त 2024 से दशहरा मैदान भाटनताल पर सतत रूप से चल रहा है।



धरना आंदोलन का नेतृत्व बाबूलाल टैगोर द्वारा किया जा रहा है। समिति का आरोप है कि प्रशासन द्वारा भूमि का सीमांकन करने के बाद भी अब तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण अनुसूचित जाति एवं समाज के अन्य वर्गों में आक्रोश है।

**धरना स्थल पर आज समर्थन देने वालों में :** बच्चूलाल विश्वकर्मा, रामनारायण नेताजी, हरगोविंद सिंह बघेल, सोनू नागर, देवेंद्र सिंह, जसमंत सिंह कुशवाह, रामदास जाटव, सोनेलाल रायपुरिया, बंटू सिंह कुशवाह, पप्पू ड्राइवर, प्रदीप गुप्ता, केदार सिंह परिहार, मुलु शाक्यवार सहित अनेक समाजजन शामिल हुए। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि जब तक शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त नहीं कराया जाता, तब तक धरना अनवरत जारी रहेगा। यह आंदोलन सामाजिक न्याय एवं अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए एक सशक्त जनआवाज़ बन चुका है।

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोपी को 24 घंटे मे किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 22 अक्टूबर।** फूप थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ यौन उत्पीड़न की गंभीर एवं जघन्य घटना को पुलिस ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। पीड़ित परिजन की रिपोर्ट पर थाना फूप में अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिसमें आरोपी के खिलाफ बीएनएस तथा 5ठ/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आरोपित को गिरफ्तार करने हेतु विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

टीम ने पेशेवर दक्षता एवं तत्परता का परिचय देते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर ग्राम साहिबे का पुरा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस द्वारा घटना से संबंधित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# भाजपा के बूथ अध्यक्षों की पूछ परख हुई कम

**सारनी।** दीपावली पर्व पर भाजपा के बूथ अध्यक्षों की पुछ परख नहीं होने से नाराजगी साफ नजर आ रही है। दीपावली के मौके पर बूथ अध्यक्ष मिठाई की आस लगा कर बैठे थे। बूथ अध्यक्षों को मिठाई तो दूर की बात हुई बधाई संदेश तक नहीं दिया है। विधायक एवं नपा अध्यक्ष को जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ अध्यक्ष की पुछ परख नहीं होने से नाराजगी साफ झलक रही है। बूथ अध्यक्षों का कहना है कि नपा अध्यक्ष ने पार्षदों एवं कुछ नेताओं को मिठाई के साथ लिफाफा भी दिया है। परन्तु बूथ अध्यक्षों को मिठाई तो दूर बधाई संदेश तक नहीं दिया है। बूथ अध्यक्षों का मानना है कि नपा अध्यक्ष बनाने में इस बार उनकी भूमिका नहीं निभाई है। क्योंकि नपा अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों ने किया है। इसी वजह से पार्षदों कि ज्यादा पुछ परख हुई है। आगामी समय में नपा अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता करेगी ऐसे में बूथ अध्यक्षों के कंधों पर नपा अध्यक्ष को जीतने की जिम्मेदारी ज्यादा रहेगी।

# भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी सुव्यवस्थित की जाए : कलेक्टर

**बैतूल।** भावांतर भुगतान योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन की खरीदी शासन निर्देशों के अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से की जाएं।

एसडीएम सजगता और गंभीरता से अपने क्षेत्र में खरीदी कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिये। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि उपार्जन से पूर्व अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों, मंडी सचिव एवं संबंधी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें खरीदी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराएं। उन्होंने सभी एसडीएम को सोयाबीन सत्यापन की कार्यवाही भी प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, बटवारा और धारणाधिकार के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने राजस्व वसूली में भी गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जनजातीय कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन अधिकार संबंधी प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण किया जाएं। उन्होंने ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा कर निर्देश दिए कि फाइलों के मूवमेंट की सतत मॉनिटरिंग कर उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में कस्टम हायरिंग सेंटर के क्रियान्वयन की जानकारी लीं। उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग केंद्रों का प्रभावी संचालन किया जाएं, ताकि सभी किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने खाद वितरण की भी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। उन्होंने फसल क्षति के प्रकरणों में राहत राशि का त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिए।